प्रेषक,

शिक्षा निदेशक (मा0) एवं सभापति,
माध्यमिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव,
माध्यमिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन,
माध्यमिक शिक्षा अनुभाग–07,
लखनऊ।

पत्रांकः मा0शि0प0/सिस्टम सेल/डी0ई0/776 दिनांक 20 अगस्त, 2026

**विषयः शैक्षिक सत्र 2026–2027 (परीक्षा वर्ष 2028) के कक्षा 09 एवं 11 के छात्र/छात्राओं के अग्रिम पंजीकरण किये जाने सम्बन्धी तिथियों में वृद्धि किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय अवगत कराना है कि इण्टरमीडिएट शिक्षा अधिनियम–1921 के अन्तर्गत निर्मित अध्याय–बारह (परीक्षा सम्बन्धी सामान्य विनियम) के विनियम 3 (ग) में कक्षा 9/11 में संस्थागत अभ्यर्थियों का अग्रिम पंजीकरण कराये जाने सम्बन्धी समय–सारिणी निर्धारित है।

शैक्षिक सत्र 2026–2027 (परीक्षा वर्ष 2028) के कक्षा 09 एवं 11 के छात्र/छात्राओं के अग्रिम पंजीकरण आवेदन को भरे जाने हेतु विज्ञप्ति दिनांक 18.06.2026 जारी की गयी थी। इस सम्बन्ध में जनपदों से प्रधानाचार्यों द्वारा अवगत कराया गया है कि निर्धारित अन्तिम तिथि तक कतिपय छात्र/छात्राओं के कक्षा 09 एवं 11 के पंजीकरण शुल्क जमा नहीं किये जा सके। साथ ही जनप्रतिनिधियों द्वारा भी ऑनलाइन अग्रिम पंजीकरण की अन्तिम तिथियों में वृद्धि किये जाने का अनुरोध किया गया है।

अस्तु छात्रहित में शैक्षिक सत्र 2026–2027 (परीक्षा वर्ष 2028) के कक्षा 09 एवं 11 के छात्र/छात्राओं के ऑनलाइन अग्रिम पंजीकरण कराये जाने सम्बन्धी निर्धारित तिथियों में निम्नानुसार वृद्धि किया जाना प्रस्तावित हैः–

**शैक्षिक सत्र 2026–27 के कक्षा 09/11 के छात्र/छात्राओं हेतु**

| कक्षा–9 एवं 11 के अग्रिम पंजीकरण | परिषद विनियमों में निर्धारित अन्तिम तिथि | नवीन प्रस्तावित तिथि |
|---|---|---|
| 1– संस्था के प्रधान द्वारा कक्षा–9 एवं 11 में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के अग्रिम पंजीकरण शुल्क रू0 50/– प्रति छात्र की दर से प्राप्त कर, रू0 40/– प्रति छात्र चालान के माध्यम से राजकीय कोषागार में एकमुश्त जमा करने (शेष रू0 10/– प्रति छात्र विद्यालय के खाते में) तथा कोषागार में जमा किये गये पंजीकरण शुल्क की सूचना एवं छात्र/छात्राओं के शैक्षिक विवरणों को परिषद की वेबसाइट upmsp.edu.in पर ऑनलाइन अपलोड करने की अन्तिम तिथि– | 25 अगस्त, 2026 तक (मध्यरात्रि 12:00 बजे तक) | 10 सितम्बर, 2026 (मध्यरात्रि 12:00 बजे तक) |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2– | वेबसाइट पर ऑनलाइन अपलोड किये गये छात्र/छात्राओं के विवरणों की चेकलिस्ट प्राप्त कर संस्था के प्रधान द्वारा उनके विवरणों (नाम, माता/पिता का नाम, जन्मतिथि, जेण्डर, विषय, फोटो आदि) को भली–भांति चेक (जांच) करने की अवधि– (इस अवधि में वेबसाइट पर किसी भी प्रकार का अपडेशन प्रतिबन्धित रहेगा) | 26 अगस्त से 05 सितम्बर, 2026 तक | 11 सितम्बर से 13 सितम्बर, 2026 तक |
| 3– | ऑनलाइन अपलोड किये गये छात्रों के विवरणों में जांचोपरान्त यदि किसी प्रकार का संशोधन वांछित है तो उसे संस्था के प्रधान द्वारा पुनः वेबसाइट पर संशोधित/अपडेट करने की अवधि– (इस अवधि में किसी नवीन छात्र का विवरण अपलोड/स्वीकार नहीं किया जाएगा, केवल संशोधन ही स्वीकार किये जायेंगे) | 06 सितम्बर से 20 सितम्बर, 2026 तक (मध्यरात्रि 12:00 बजे तक) | 14 सितम्बर से 20 सितम्बर, 2026 तक (मध्यरात्रि 12:00 बजे तक) |
| 4– | संस्था के प्रधान द्वारा पंजीकृत अभ्यर्थियों की फोटोयुक्त नामावली एवं तत्सम्बंधी कोषपत्र की एक प्रति परिषद के क्षेत्रीय कार्यालयों को भेजे जाने हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में जमा कराने की अन्तिम तिथि– | 30 सितम्बर, 2026 तक | 30 सितम्बर, 2026 तक |

अस्तु अनुरोध है कि कृपया परिषद द्वारा प्रस्तावित नवीन तिथियों के सम्बन्ध में विचारोपरान्त तिथि वृद्धि की अनुमति प्रदान करने एवं तद्विषयक यथोचित आदेश निर्गत कराने का कष्ट करें।

भवदीय

(प्रताप सिंह बघेल)
शिक्षा निदेशक (मा0) एवं सभापति
माध्यमिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

Scanned with OKEN Scanner